तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 सर्व हिन्दू समाज ने निकाली शोभायात्रा



## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम 23 को

**मनेन्द्रगढ़।** जेकेडी रोड मनेन्द्रगढ़ में स्थित श्री श्री 1008 श्री हनुमान मंदिर में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस संदर्भ में कार्यक्रम की भव्य रूपरेखा तय करने के लिए हनुमान सेवा समिति की सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। इसमें समस्त आयोजनों पर सहमति हुई। समिति के सदस्यों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन भव्य कलश शोभायात्रा प्रातः 8 बजे मंदिर से निकलेगी। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी चौक, श्रीराम मंदिर होकर फवारा चौक, विवेकानंद चौक, सांई बाबा मंदिर से होते हुए वापस झगराखाण्ड रोड स्थित मंदिर में पहुंचकर विसर्जित होगी। आयोजित बैठक में हनुमान सेवा समिति के नरेन्द्र अरोड़ा, पार्षद नागेन्द्र जायसवाल, रामनारायण अग्रवाल, विनोद सोनी, पिंटू गुप्ता, संदीप सोनी, रामदास सोनी, पंकज गोयल ,किशन गुप्ता, सुशील ताम्रकार, पुरुषोत्तम गुप्ता, राजेन्द्र पांडे, शिव तिवारी, जुगल सोनी, विकास अग्रवाल, ऋषु अग्रवाल, पप्पू ताम्रकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड ने बांटे शरबत



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 एवं चैत्र नवरात्र शुभारंभ के शुभ अवसर पर प्याऊ घर का शुभारंभ जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के परिसर में किया गया। इसमें बुधवार को नौवें दिवस चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सिंह ऑटो पार्ट्स बैकुंठपुर के संचालक करण सिंह हनी के सहयोग से शीतल शरबत, गुड़ एवं खीरा का वितरण जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू ,एडवांस कब मास्टर रवि प्रसाद बैगा, स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा किया गया।

### जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** सोनहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से जुआ खेलते चार आरोपियों को पकड़कर उनके विरूद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिलने पर सोनहत पुलिस ने दुर्गा मंदिर के पीछे की ओर सोनहत में खुले स्थान पर कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे हैं कि सूचना पर छापामारा गया, जहां पर 4 जुआरी हर्ष गुप्ता पिता कृष्णा गुप्ता उम्र 23 वर्ष, सोनू उर्फ मंसर आलम पिता मंसूर आलम उम्र 21 वर्ष, मो. साजिद पिता अनस उम्र 25 वर्ष सभी निवासी सोनहत एवं अशोक सूर्यवंशी पिता रघुनंदन उम्र 35 वर्ष निवासी रजौली द्वारा रुपए लगाकर हार-जीत का दांव जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए जुआरियों के पास से कुल 5300 रूपए नगद जब्त किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 (1) जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत थाना सोनहत में अपराध पंजीबद्ध कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह में कोरिया पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा के कुल पांच प्रकरणों में कार्रवाई कर कुल 30 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है।

## हवन-पूजन के साथ जगह-जगह भंडारे का आयोजन, प्राचीन राम मंदिर में पूजा-अर्चना

# चैत्र नवमीं पर निकली भव्य जवारा-कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि 17 अप्रैल को देवी मंदिरों में विशेष रूप से हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लिए। नवमी तिथि को भी कई जगहों पर कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया गया और दोपहर में हवन पूर्णाहूति का कार्यक्रम चलता रहा।

इस तरह नौ दिनों तक विधि-विधान के साथ देवी माता के विभिन्न नौ रूपों की पूजा-अर्चना के बाद विदाई दी गई। चैत्र नवरात्र के नौंवे दिन सुबह से ही काफी संख्या में लोग परिवार के साथ व टोलियों के साथ विभिन्न जगहों पर स्थित देवी मंदिरों में माता के दर्शन करने एवं पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे, जिससे कि देवी मंदिरों में सुबह होने के कुछ घंटे बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई और श्रद्धालु कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना करते रहे। ⏭ शेष पेज 4 पर



शहर में निकली ज्वारा कलश यात्रा।

### गांव-गांव में निकाली गई ज्वारा की झॉकी

नवमीं तिथि को कोरिया जिले के प्रत्येक गांव में भक्तजनों के द्वारा अपने गांव के देवल्ला में सुबह से ही जुटना शुरू कर दिए और देवला में पूजा-अर्चना करने के बाद ज्वारा विसर्जन के लिए झॉकी निकाली गई, जिसका गांव में भ्रमण करने के बाद विधि-विधान के साथ पूजा की गई और फिर अंत में ज्वारा का विसर्जन कर दिया गया। इस अवसर पर गांव के श्रद्धालु विसर्जन की झॉकी में शामिल रहे।


### जगह-जगह कन्या पूजन एवं भोज

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को देवी मंदिरों में कन्याओं का पूजन किया गया ,इसके बाद कन्याओं को सम्मान पूर्वक बैठाकर भोजन कराया गया। इस दिन शहर के विभिन्न मंदिरों में कन्या पूजन एवं भोजन का आयोजन हुआ, इसके अलावा जिले के कई स्थानों पर स्थित देवी मंदिरों में भी कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### रमदईया धाम से निकली ज्वारे की झॉकी

अंचल का प्रसिद्ध आस्था का केन्द्र रमदईया धाम परिसर से नवमीं तिथि को दोपहर के समय जवारा की झॉकी निकाली गई, जो परिसर से शुरू होकर ग्राम चेर होते शहर के कोरिया कुमार चौक पहुंची। यहां पर पूर्व नपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे एवं अन्य के द्वारा ज्वारा की झॉकी में शामिल श्रद्धालुओं को शर्बत पेयजल पिलाया गया। ज्वारे की झॉकी में महिलाएं एवं कन्याओं के द्वारा सिर में ज्वारा कलश लेकर चल रहे थे साथ ही कई लोग माता के गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे, वहीं कुछ भक्त अपने शरीर को बाना से छेदकर भी चलते रहे, इसे देखने के लिए कुमार चौक पर लोगों की भीड़ जुट गई। यहां के बाद झॉकी वापस लौटी और पूजा-अर्चना के बाद ज्वारा का विसर्जन कर दिया गया।

### जन्मोत्सव की झांकी का दर्शन करने उमड़ा जनसमूह





मनेन्द्रगढ़। राम जन्मोत्सव व रामनवमी के मौके पर बुधवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में उत्साह पूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व मनाया गया। इस दौरान श्रीराम मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, दुर्गाधाम आदि में राम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने भगवान के बाल रूप का अभिषेक कर पूजन कार्यक्रम संपन्न करवाया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु जमा होने लगे थे। जैसे ही दोपहर के 12 बजे समूचा मंदिर परिसर भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। भगवान के पट खुलते ही सभी ने भगवान की नयनाभिराम झांकी के दर्शन किए, इसके अलावा चैती नवरात्र के नौवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। इस दौरान जिले में कई स्थानों में भव्य मेले का आयोजन किया गया। इधर रामनवमी को लेकर उत्सवी माहौल बना रहा। श्रीराम के जयकारे से क्षेत्र का माहौल गुंजायमान होता रहा। वहीं केसरिया वस्त्र के साथ युवा वर्ग व श्रद्धालु पूर्णतया भक्ति भाव लीन रहे। जगह-जगह हो रहे भक्ति जागरण, रामचरित मानस पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, अष्टयाम संकीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन के बीच बुधवार को शांति व सौहार्द के वातावरण में रामनवमी पर्व संपन्न हुआ। रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में व्यवसायियों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई तो कई दिन पूर्व से ही शुरू थी। व्यवसायियों के द्वारा प्रतिष्ठान को फूलों से सजाया गया। व्यवसायियों द्वारा प्रतिष्ठान में विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही प्रतिष्ठान का लेखा जोखा बही की भी शुरूआत की गई। वहीं पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक शिव मंदिर, काली मंदिर, बाबा सिद्धनाथ धाम, शिव मंदिर समेत सार्वजनिक दुर्गा मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही लगी रही । इधर चैत्र नवरात्र के नवमी को लेकर भी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामनवमी पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न करने को लेकर पुलिस वाहन से गश्त लगाती रही। इस अवसर पर पंडित राम चरित द्विवेदी, अधि. आशीष सिंह, दिनेश्वर मिश्रा, हरीश गुप्ता, बिट्टू अग्रवाल, समेत नगर के गणमान्य काफी संख्या में मौजूद रहे।

#### जिलेभर में रही पर्व की धूम

### जवारा विसर्जन में शामिल हुए श्रद्धालु



**पटना।** नौ दिनों तक चली माता दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद नवरात्र के दिन गाजे-बाजे के साथ जवारा विसर्जन यात्रा निकाल कर जलाशयों में जवारा विसर्जन किया गया। चैत्र नवरात्र के अवसर पर पटना के बूढ़ा सागर तालाब मेढ़ में स्थित देवी दुर्पता मंदिर में, ⏭ शेष पेज 4 पर

### निकली विर्सजन रैली



**नगर।** क्षेत्र के हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी ज्वारा बोया गया। अष्टमी को पट खुलने के बाद बुधवार को नौंवे दिन सुबह से हवन -कीर्तन के बाद ढोल-नगाड़ों व मादर की थाप के साथ विर्सजन के लिए स्थानीय नदी में ले जाया गया। साथ ही साथ ही पूजा स्थल में नव ⏭ शेष पेज 4 पर

### पूजा-अर्चना कर लगाया गया अखाड़ा



**चरचा कॉलरी।** राम नवमीं पर्व को लेकर सभी हनुमान जी एवं श्रीराम जी के मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हुई। वहीं चरचा क्षेत्र के मुख्य मार्ग स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण एवं वार्ड क्रमांक 11 में प्रभु श्रीराम जी के मंदिर में प्रातः 5 बजे से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना प्रारंभ किया। ⏭ शेष पेज 4 पर

## पारा 38 के पार: भीषण गर्मी का होने लगा एहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम साफ हुआ तो तापमान ऊंचाई छुने लगा है। अप्रैल माह के दूसरा पखवाड़ा शुरू होने के साथ ही मौसम साफ हो गया ,जिसका परिणाम यह हुआ कि तापमान का पारा ऊंचाई चढ़ने लगा। मंगलवार को शहर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिस तरह से अब मौसम साफ हो गया तो सूर्य की तपिश झुलसाने लगी है, इसके कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई है।



इसी तरह लगातार मौसम साफ रहता है तो जल्द ही तापमान 40 डिग्री पार हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि अप्रैल व मई के महीने में सबसे ज्यादा गर्मी का असर होता है और मई के अंतिम सप्ताह में सबसे ज्यादा सूर्य की तपिश होती है। इसी समय नवतपा शुरू होती है। इस दौरान धरती खूब तपती है। इस वर्ष अप्रैल माह के पहले पखवाडे में मौसम का मिजाज बनता बिगड़ता रहा और मौसम के करवट बदलने के कारण कई दिन बूंदाबांदी हुई तो कहीं पर बौछार भी पड़ी। मौसम के इस तरह के बदलाव के कारण तापमान में कमी भी हुई और गर्मी से लोगों को राहत मिलती रही ,लेकिन चालू माह का दूसरे पखवाड़े में मौसम साफ होने के बाद गर्मी अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आसमान साफ होने से सुबह धूप निकलने के कुछ देरी बाद से ही लोगों को सूर्य की किरण चुभने लगती है और दोपहर होते -होते धूप झुलसाने लगा है। यही कारण है कि इस समय दिन दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम होने लगी है। जरूरी काम से बाहर निकलना पड़ता है तो सावधानियां अपनाकर ही लोग बाहर निकल रहे हैं।

### नन्हें-मुन्नें बच्चों ने दी गई स्वच्छता की जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में नए सत्र के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे विद्यालय की गतिविधियों से अवगत हुए। बच्चों को आइसक्रीम पार्टी के बहाने कई गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन शिल्पी सिन्हा द्वारा किया गया। जिन्होंने आइसक्रीम पार्टी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को टेबल मैनर, स्पून का प्रयोग, पेपर नैपकिन का प्रयोग तथा आइसक्रीम के कई प्रकार के फ्लेवर के साथ ही स्वच्छता की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने बच्चों को आइसक्रीम पार्टी से जुड़े कई नए शब्दों के बारे में विस्तार से बताया। जैसे- डिलीशियस, कोल्ड, इनक्रेडिबल, चॉकलेटी आदि। तथा इससे जुड़े कई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बताया कि बच्चों को विद्यालय में स्वयं रुचि से आने व विद्यालय के प्रति बच्चों में रुझान के लिए आइसक्रीम डे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका साधना सिंह, पुष्पा सिंह, नंदिनी साहू, नेहा मिश्रा, प्रियंका सिंह, आरिका खान, वैष्णवी जायसवाल, राशि गुप्ता, अनुष्का सिन्हा, रेखा दोहरे,राधा पांडे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सोनहत में निकली मतदाता जागरुकता मशाल रैली

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, दिव्यांग मतदाताओं ने जिस तरह से मतदाता जागरूकता का हिस्सा बन रहे हैं, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायत पुसला, मेण्ड्रा व तंजारा के महिलाओं, युवाओं ने मशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मिसाल दी है। जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए विगत दिनों मनरेगा में कार्यरत ⏭ शेष पेज 4 पर




### कलेक्टर बढ़ा रहे कर्मियों का हौसला-अफजाई

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह का कहना है कि सभी कर्मचारी-अधिकारी अपने-अपने काम में निपुण होते हैं, उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य टीम वर्ग से ही संभव है, इसलिए वे लगातार सभी वर्गों के अधिकारियों-कर्मचारियों से बात करते, उनकी समस्याओं को सुनते हैं और समाधान भी करते हैं।

### श्लोगन लिखकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरुक

**मनेन्द्रगढ़।** इस भीषण गर्मी में भी शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर के छात्र पहले मतदान फिर जलपान, हम सबकी जिम्मेदारी वोट डालने जाएं नर नारी जैसे प्रेरक मतदाता जागरूकता नारो के द्वारा राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने ग्राम तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों में दीवार पर नारा लेखन का कार्य कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा का कहना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी बच्चों की यह जिम्मेदारी है कि अपने आसपास के सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें, मताधिकार जहां हमें संविधान प्रदत्त अधिकार है, वहीं मतदान करना हमारा कर्तव्य भी है। लोकतंत्र में मतदाता ही भाग्य विधाता होता है, इसलिए सभी लोग धर्म, जाति, क्षेत्र तथा भाषा से ऊपर उठकर राष्टीय हित में सभी लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। छात्रों को नारा लेखन की प्रेरणा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक महावीर पैकरा ने दिया। नारा लेखन में पन्नेलाल, बिजेन्द्र वर्मा, पंकज मौर्य, बृजदीप साधें, विद्यासागर, मानसिंह, दुर्गेश सिंह, बालेन्दु सिंह, चंद्र प्रताप सम्मिलित हैं।



### 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

बैकुण्ठपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता के लिए दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने संबंद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं, इसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र यूडीआईडी के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

## लोकसभा चुनाव के पहले सीमा क्षेत्र पर हो रही वाहनों की जांच

# एसपी ने अकलासरई बॉर्डर चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी चेकिंग के लिए बॉर्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में कोरिया पुलिस द्वारा चेक पोस्ट की व्यवस्था कुल 7 जगहों पर की गई है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा बॉर्डर चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का आंकलन करने एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की सतर्कता जांचने स्वयं मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किए। एसपी श्री परिहार द्वारा अकलासरई बॉर्डर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आदर्श आचार संहिता के दौरान सुरक्षा जांच में बरते जाने वाली आवश्यक सावधानियों सहित चेक पोस्ट में सुरक्षा जांच के दौरान अन्य प्रांतों एवं जिलों से आने वाले वाहनों का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं पहचान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों को रोकने सख्त निर्देश दिए गए हैं, इसके अतिरिक्त दीगर क्षेत्रों से जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करने के हिदायत दी गई है। एसपी द्वारा चेक पोस्ट ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क रहकर सुरक्षा जांच करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। औचक निरीक्षण में हिदायत दी गई है कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए एवं किसी प्रकार की वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। चेक पोस्ट में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को आम नागरिकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने को भी कहा गया है। चेक पोस्ट में आधारभूत व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि संबंधित तहसीलदार और सीईओ जनपद से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे-पानी,बिजली ,टेंट, बिस्तर, लाइट इत्यादि नाकों को उपलब्ध कराएं। आरआई को भी पर्याप्त स्टॉपर, ड्रम, स्टॉप गेट, जिगजैग सर्च लाइट, वाकी टाकी उपलब्ध कराने ⏭ शेष पेज 4 पर



वाहनों की जांच करती पुलिस।

## सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों का करें निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सभी सेक्टर अधिकारियों को उन्हें आवंटित रूटचार्ट और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने दिए हैं।

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान सेक्टर अधिकारियों को उनसे संबंद्ध मतदान केन्द्रों का दौरा करने और वहां छाया, पानी, बिजली, शौचालय आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सुविधाओं में कोई कमी हो तो उसे समय पूर्व दुरूस्त करा लें। उन्होंने मतदान सामग्री वितरण और माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कराने, सुविधा केन्द्र में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने सहित निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विदित हो कि कलेक्टर श्री लंगेह 19 अप्रैल को जिले के मतदान केन्द्रों का दौरा ⏭ शेष पेज 4 पर



- मूलभूत सुविधाओं में कमी होने पर समय पूर्व कराएं दुरुस्त-लंगेह

## खबर संक्षेप

### श्रीमद देवी भगवत सुनने उमड़ रही श्रद्धालु की भीड़

**लवसरा।** चैत्र नवरात्र में ग्राम पंचायत लवसरा के मां दुर्गा मंदिर के सामने श्रीमद् देवी भागवत कथा चल रहा है। देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। कथा के दौरान व्यास आचार्य पं. तुलेश्वर महराज सिरली वाले द्वारा देवी के विभिन्न रुपों का बखान किया जा रहा है। मां दुर्गा मंदिर के सामने श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ 9 अप्रैल को हुआ है। व्यास आचार्य द्वारा देवी भागवत के चरित्रों को बहुत ही सरल भाषा में संगीत के माध्यम से सुनाया जा रहा है। देवी मां के विभिन्न चरित्रों को सुनकरा श्रोता गण माता के भक्ति में डूब जा रहे है। अष्टमी तिथि को रुद्राक्ष महिमा सदाचार वर्णन कहते हुए चढ़ोत्तरी का कार्यक्रम हुआ। हवन कन्या पूजन, तर्पण सहस्त्रधारा 18 अप्रैल गुरुवार को होगा। देवीभागवत कथा को सफल बनाने आयोजक पुनिया बाई साहू, पार्वती साहू ,टीकेश्वर साहू चंद्रिका बाई साहू पूरा जुटे हुए है। ग्रामवासी के सहयोग से बाजार चौक में दुर्गा मंदिर प्रांगण में भगत दिलचंद बरेठ सानिध्य में भक्तों की मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हो रही हैं। आसपास के श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने पहुंच रहे हैं।

### रक्तमौली मंदिर में होगा तीन दिवसीय राम कथा

**लोहर्सी।** रक्तमौली मंदिर में तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन गुरुवार 18 से शनिवार 20 अप्रैल तक किया जाएगा। इस दौरान माता जसगीत भजन का भी कार्यक्रम होगा। कथावाचक कामता प्रसाद शरण श्रोताओं को भगवान श्रीराम के कथा का रसपान कराएंगे। छत्तीसगढ के प्रसिद्ध कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढी भाषा में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम के जीवन चरित को प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं। उनका आगमन ग्राम लोहर्सी में हो रहा है। वे यहां रक्तमौली मंदिर में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक श्री राम कथा के साथ ही माता जस गीत का भजन छत्तीसगढ़ी में कराएंगे। गांव के उनके प्रथम आगमन पर रक्त मौली सेवा समिति एवं गांव के जनप्रतिनिधि तैयारी में जुटे हुए है।

### खत्म नहीं हो पा रहा 25 हजार की लिमिट का चक्कर, किसान परेशान

**जांजगीर-चांपा।** जिला सहकारी समिति केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में भारी अव्यवस्था के चलते बीच चिलचिलाती धूप एवं भयंकर गर्मी के बीच धान का पैसा निकलवाने आने वाले किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चांपा में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक दूर दराज से आए किसानों को दिन भर भूखे प्यासे हो कर घंटो भारी परेशानियों सामना करना पड़ता हैं। बैंक में पैसा निकलवाने आने वाले किसानों को अपने बारी का इंतजार करने बैंक परिसर के हाल में पंखा की व्यवस्था नहीं है। जिससे लोगो को भीषण गर्मी और उमस के बीच बयाकुल एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके अलावा ना ही बैंक में ग्राहकों के लिए पेयजल की व्यवस्था है। ग्राहकों को खड़े होने एवं बैठने के लिए जगह का भी भारी अभाव है। जिससे बैंक में पैसा निकलवाने आने वाले खाताधारक निशक्त, असहाय और वृद्धजन किसानों को परेशानी हो रही है।

### लोकसभा चुनाव : ध्वनि विस्तारक यंत्रों का लगा प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आचार संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने आकाश छिकारा ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

### आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है।

नगर में लगे भगुआ झंडे से शहर हुआ राममय, गूंजता रहा जय जय श्रीराम के नारे

# भए प्रकट कृपाला..., रामनवमी पर निकली भव्य शोभा यात्रा



भगवा झंडे के साथ शोभायात्रा में शामिल रामभक्त।



पत्थलगांव। शोभायात्रा में मां काली के स्वरूप के साथ शामिल भक्त।



शोभायात्रा में शामिल राजा रणविजय सिंह जूदेव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रामनवमी पर विशाल एवम भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। राम जन्मोत्सव मानने नगर सहित आसपास के राम भक्त हनुमान जी का झंडा लेकर हनुमान मंदिर आते है। यहां से हजारों के संख्या में श्रद्धालु रामभक्त स्थानीय वाद्ययंत्र, धूमाल पार्टी और डीजे की धुन पर नाचते गाते शहर का भ्रमण करते हुए जशपुर भागलपुर बीटीआई मैदान पहुंचकर रामनवमी के भव्य शोभायात्रा का समापन किया गया।

शहर में जहां तक और जहां जहां नजर पड़ रही है भगवा झंडे ही नजर आ रहे है। मानो शहर का हर रास्ता, हर गली हर मोहल्ला, हर घर, हर आदमी राममाय हो गया हो। सभी जगह केवल रामधुम ही सुनाई दे रही है।

**नगर में कहां कहां से गुजरी प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा :** शहर के मध्य में स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर बस स्टैंड होते हुए कव्वाली मैदान से होते हुए बनिया टोली के रास्ते महाराजा चौक पहुंची , महाराजा चौक से काली मंदिर श्रीबाला जी मंदिर होते हुए थाने के सामने से भागलपुर बीटीआई मैदान पहुंच कर शोभा यात्रा का समापन हुआ।

### दो धर्मावलंबी के आपसी भाई चारे की अद्भुत मिसाल दिखी

जैसे ही प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा मुस्लिम मोहल्ले के कव्वाली मंच के पास पहुंची मुस्लिम धर्मावलंबियों ने राममय होकर यात्रा में चल रहे लोगों का शरबत पीला कर स्वागत किया और रामनवमी की शुभकामनाएं दी। साथ पूरे रास्ते में श्रीराम शोभा यात्रा में चलाने वाले रामभक्तो के लिए लोगों ने शरबत ठंडा पानी की व्यवस्था की थी। श्री बालाजी कल्याण सेवा समिति ने बालाजी मंदिर के सामने भक्तों के लिए तरह- तरह के फल और शरबत की व्यवस्था की थी।

## रामनवमी पर निकली श्री राम भगवान की भव्य झांकी

**पत्थलगांव।** रामनवमी के शुभ अवसर पर शहर में पत्थलगांव के तीनों मार्गो में निकली भव्य श्री राम भगवान की झांकी शाम के साढ़े चार बजे सत्यनारायण मंदिर से धूमधाम के साथ निकली श्री राम भगवान की झांकी इस झांकी में क्रेन में लगाये गए डीजे को देखने शहर वासी सड़को में खड़े रहे वानर सेना, के साथ शहर के लोग बाजे गाजे के साथ सड़को में नाचते गाते देखे गए पहली बार पत्थलगांव शहर में इतना भव्य श्री राम भगवान की झांकी निकली जिसके लिए महीने भर से श्री राम सेवा समिति के लोग जी जान से जुटे हुए थे सभी ने रात दिन एक कर रामनवमी के झांकी को भव्य बनाने में लगे रहे शहर के लोग इस रामनवमी के झांकी को देखने काफी दिन से इंतजार कर रहे थे।

- बाइक रैली के साथ हुई रामनवमी की शुरुआत
- क्रेन डीजे देखने उमड़े शहर के लोग

**बाइक रैली में सैकड़ो लोगों ने निभाई अपनी हिस्सेदारी:** रामनवमी के अवसर पर राम भक्तों ने बाइक रैली डीजे की धुन पर निकली बाइक रैली में राम भक्त जय श्री राम के नारे लगाते हुए डीजे की धुन पर थिरक रहे थे राम भक्त भगवा वस्त्र धारण किए हुए एक ड्रेस में काफी मनमोहक नजर आ रहे थे। पत्थलगांव पुलिस भी दिखी चुस्त सुबह से ही शहर में गस्त करती रही शाम साढ़े चार बजे से रात साढ़े नौ बजे तक के लिए बड़े वाहनो को शहर से बाहर ही रोक दिया गया था । रात्रि को रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम सेवा समिति ने बस स्टैंड में महा आरती का आयोजन धूमधाम से किया इस आयोजन को देख कर शहर के साथ आसपास के गाँव वाले काफी दूर दूर से पहुँचे थे शहर में हुए इस भव्य आयोजन को शहर के सभी लोगो ने खुब सराहा।



### बटुरा कछार में अखंड नाम यज्ञ

**पत्थलगांव।** ग्राम बटुरा कछार में अखंड नाम यज्ञ एवं नवरात्र महोत्सव लगातार 9 दिन तक मनाया गया। यहां अखंड नाम यज्ञ का 21 वां वर्ष था। आसपास के ग्रामीण कीर्तन मंडली के साथ अखंड यज्ञ में शामिल हुए। यह आयोजन अनेक वर्षों से बाबा श्री श्री 1008 श्री कपिल दास तपस्वी के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। राम मंदिर बटुराकछार में अखंड नाम यज्ञ प्रारंभ करने के पूर्व 8.अप्रेल को भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गई थी। गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची। कलश यात्रा में ग्रामीणों सहित बाहर से आए श्रद्धालु भी शामिल हुए। निरंजन त्रिपाठी एवं आदित्य पाणिग्रही द्वारा पूजन हवन इत्यादि का कार्य संपन्न किया गया। मंदिर समिति ने बताया कि गाँव वालों के साथ आसपास के लोगों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



## मृत मवेशी मिलने से क्षेत्र में दहशत

**जशपुरनगर।** बदल खोल अभ्यारण व सन्ना परिक्षेत्र के बीच में एक बछड़े का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। आसपास के गांव वाले इस जंगली तेंदुआ की कारस्तानी बता रहे है। ग्रामीणों का कहना है की इस क्षेत्र में तेंदुआ है जो को मौका पाते ही पालतू जानवरों का शिकार करता है।नारायणपुर गेम रेंजर बुद्धेश्वर साय घटना स्थल पर पुरे दिन मौजूद रहे।उनका कहना है घटना सन्ना परिक्षेत्र में हुआ है इस कारण प्रकरण भी बनेगा। उप निदेशक एलिफेंट के निर्देश पर ट्रैक कैमरा लगाया जाएगा। जिससे तेंदुआ का लोकेशन का पता लगाया जा सके ।सन्ना के रेंजर विवेक भगत ने बताया अभ्यारण के जंगल और सन्ना रेंज के जंगल के बीच गांव के खेत में मृतक मवेशी का शव पड़ा है जो राजस्व ग्राम के अंतर्गत आता है।जांच जारी है। मवेशी मालिक का पता चलते ही मुआवजा प्रकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**जारी है विवेचना**

प्रथम दृष्टया में किसी जानवर द्वारा मवेशी को क्षति पहुंचाया गया प्रतीत होता है। अभ्यारण नारायणपुर के गेम रेंजर और सन्ना के रेंजर मौके पर है। विवेचना जारी है। मुआवजा प्रकरण बना कर दिया जायेगा। ट्रैक कैमरा लगाया जाएगा,ताकि जानवर का मूवमेंट पता चल सके।

जितेंद्र उपाध्याय
डी एफ ओ
जशपुर

## छजकां के जिला अध्यक्ष अनोज कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से पुनः प्रभावित हो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के नेता अनोज गुप्ता कांग्रेस में प्रवेश किए हैं, इन्हें पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने विधिवत कांग्रेस की सदस्यता दिला घर वापसी कराया है।

ज्ञात हो कि कांग्रेस के पूर्व नेता अनोज गुप्ता ने कांग्रेस प्रवेश कर घर वापसी कर लिया है, गत कुछ वर्ष पहले पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यशैली और विचारधारा से प्रभावित हो अनोज गुप्ता जकांछ पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर जिलाध्यक्ष नियुक्त भी हुवे थे, मंगलवार की शाम अनोज गुप्ता अंबिकापुर पहुंचे और यहां जकांछ पार्टी के सभी पद और प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दिया,जिसके बाद महामाया मंदिर पहुंच मां महामाया का दर्शन व पूजा अर्चना किया। तदोपरांत पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के समक्ष उपस्थित हो कांग्रेस के विचारधारा से प्रभावित हो कांग्रेस प्रवेश करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर मुहर लगाते हुवे टीएस सिंह देव ने अनोज गुप्ता को कांग्रेस का गमछा पहना कांग्रेस का विधिवत सदस्यता दिलाया।




## छात्राओं ने सुंदर एवं मनमोहक समूह नृत्य किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल का 8वां स्थापना दिवस एवं रामनवमी के अवसर पर राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक सचिव दीपक राठौर, निदेशक कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा एवं व्यवस्थापक विपिन गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा 7एन के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 2री एवं कक्षा 7वीं – 8वीं की छात्राओं ने सुंदर एवं मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान स्कूल स्थापना वर्ष 2016 से लेकर अब तक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के द्वारा केक कटवाया गया और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 1लीं एवं 2री के बच्चों ने प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और भक्त हनुमान एवं सबरी की वेशभूषा में सबको मुग्ध कर दिया। कक्षा 2री से नेहान केडिया ने हनुमान चालीसा का पाठ और अभिराजा सिंह ने रामनवमी के महत्व पर अपना विचार प्रस्तुत किया। विद्यालय की कक्षा 7वीं की छात्रा खुशी गोयल ने विद्यालय की स्थापना वर्ष 2016 से लेकर अब तक की प्रगति आख्या सबके सामने रखी। इस अवसर पर मार्स एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल एवं समस्त निदेशकों ने विद्यालय के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय परिवार को अभी तक की प्रगति के लिए बधाइयां दीं और विद्यार्थियों को सकारात्मकता के साथ कुछ नया करने को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, व्यवस्थापक विपिन गुप्ता, शिक्षक सुंदरपाल चौहान, सुनीता शुक्ला, जे.कविता, सीमा ठाकुर, शिल्पा बनर्जी, संध्या मिश्रा, नीलकांत यादव, गौतम स्वाइन, सुखुलाल चौधरी, आशा राठौर, कनिका दास, अंजु चतुर्वेदी, ई.हेमलता, श्रेस्ठा श्रीराथ, सिमरन कौर, आंचल पांडे, बिरंची टंगारंगा, प्रभाकर घोष, प्रहलाद कुमार साहु, अखिलेश वर्मा, एस.आदित्य, सुजाता तिवारी, खुशबू गुप्ता, नेहा गढ़ेवाल, गोलाप साहु, राज पुरोहित, नंद कुमार महेश्वरी उपस्थित रहें। लक्ष्मण रबिदास, प्रीति चंद्रा निहारिका मित्तल, दैवज्ञा शुक्ल, हमेश खांडेकर, क्षिरा सिंधु महापात्रा, किसन कुमार, ध्वनि दत्ता, मुस्कान गुप्ता, कविता दास, एस. अश्विनी, प्रियंका कुमारी, ई.सुधाकर राव, अमित मान्नेवार, गीता बरेठ, जयश्री यादव,निशा पटेल,आरती गढ़ेवाल, प्रीति सिह, आस्था साहू,महेश यादव,राज सिंह, नरेंद्र दुबे, प्रीति सिंह उपस्थित रहें।

- गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया 8वां स्थापना दिवस समारोह एवं रामनवमी




कार्यक्रमए की प्रस्तुति देते छात्र–छात्राएं।

## शैक्षिक गुणवत्ता के लिए सभी विकासखंडों में शिक्षकों की होगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विनोबा एप के साथ शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक हेतु कार्यशाला 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अयोजित होने जा रही है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया हैं।

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण अर्ध दिवसीय होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक आगामी 10 दिनों में अपने विद्यालय के अन्य शिक्षकों को विनोबा एप के संबंध में प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों को स्मार्टफोन लेकर आना अनिवार्य होगा। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक अलग-अलग बैच में शिक्षकों की ट्रेनिंग विकासखंड मुख्यालय में होगी। सभी बीईओ इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे । एक शिक्षक को केवल 3 घंटे का ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। ओपन लिंक फाऊंडेशन पुणे की ओर से 02 -02 प्रशिक्षक प्रत्येक विकासखंड में आकर ट्रेनिंग देंगे। प्रशिक्षण कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को विनोबा एप के पंजीयन और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**खास बात**

- ज़िला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया निर्देश

### देवांगन कल्याण समाज युवा प्रकोष्ठ ने किया समिति का विस्तार

**सक्ती।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर देवांगन ने अपनी समिति का विस्तार करते हुए रोशन देवांगन को संरक्षक एवं राकेश देवांगन को सलाहकार नियुक्त किया है। इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किरण देवांगन के द्वारा समिति का विस्तार करते हुए तीन सदस्यों को नवीन जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें रेखा देवांगन को उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजनी देवांगन को कार्यकारिणी सदस्य एवं कलश देवांगन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही चर्चा किया गया कि जिला देवांगन कल्याण समाज सक्ती के गठन से समाज को एक नई दिशा मिलेगी एवं समाज के कल्याण के अनेकों कार्य हो सकेगा। समाज कल्याण एवं सेवा के लिए देवांगन विकास सेवा समिति हमेशा तत्पर रहेगा।

लोगों को सतर्क रहने की गई अपील

## एक्सपर्ट टीम द्वारा मधुमक्खी छत्ता निकालने का कार्य प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय सहित पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी, बगीचा विकासखण्ड में मधुमक्खियों के अनगिनत छत्तों को लेकर आम लोगों के साथ ही खास लोगों में बढ़ती असुरक्षा को देखते हुए डीएफओ की पहल पर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में आज बगीचा नगरीय क्षेत्र में एसडीएम, सीएमओ एव वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मधुमक्खी छत्ता निकालने का कार्य बाहर से आए एक्सपर्ट टीम के द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। कुछ दिन एक्सपर्ट टीम जिले में ही रहेंगे तथा मधुमक्खी छत्ता निकालने जैसे कार्य करेंगे। यदि किसी संस्थान या अन्य जगहों में छत्ते हैं और उन्हें निकालना चाहते हैं तो एसडीएम कार्यालय, वन विभाग कार्यालय तथा नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं जिससे सभी के सहयोग से एक्सपर्ट टीम के द्वारा छत्ते को निकाला जा सके। कोटवार की ड्यूटी लगाई गई है तथा आम नागरिकों से अपील की गई है कि जहां-जहां मधुमक्खी के छत्ते है वहां आग एवं धुआं ना उड़ाए तथा घर के दरवाजे एवं खड़की बंद रखें एवं हमेशा सतर्क रहें। वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि जशपुर जिले में कई विभागीय दफ्तरों और सार्वजिक स्थानों में मधुमक्खियों के बड़े-बड़े छत्ते हैं जिन्हें तकनीकी मार्गदर्शन देते हुए हटाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए आपसी समन्वय बना है। राजस्व, पुलिस, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगरीय क्षेत्र के अधिकारियों के बीच यह तय हुआ है कि जहां-जहां ऐसे छत्ते हैं वहां के कार्यालयीन प्रमुख स्थानीय अवकाश, स्थानीय परिस्थिति तथा एक्सपर्ट की राय के अनुरूप तिथि तय कर कार्रवाई करना ही सही प्रक्रिया है। जिस दिन छत्ता हटाना है उस दिन आसपास के लोगों को सूचना देकर अलर्ट कर दें। सभी को विशेषज्ञ के संपर्क नम्बर दे दिए गए हैं वहीं मधुमक्खियों के रहन-सहन,उनकी गतिविधियों के साथ उन्हें हटाने के लिए रौनी में दो लोगों की प्रशिक्षित टीम है जिसे वन विभाग की ओर से वर्धा में प्रशिक्षण दिलाया गया है।



एक्सपर्ट टीम द्वारा मधुमक्खियों के हटाए जा रहे छत्ते।

## मायुमं ने बांधे मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

मारवाड़ी युवा मंच की स्थानीय शाखा द्वारा सड़क पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 10 से 11 बजे तक गौशाला मार्ग में करीब तीन दर्जन मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गये। यह कार्य मवेशियों के साथ - साथ राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी किया गया। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच की चांपा शाखा के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल ने बताया कि समय - समय पर मंच द्वारा समाज सेवा के लिए इस तरह के कार्य किये जाते है। सड़क पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों सहित मार्ग से गुजरने वाले लोगो की सुरक्षा के लिए मंच द्वारा सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 10 से 11 बजे तक नगर के गौशाला मार्ग में करीब तीन दर्जन मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गये। इस दौरान शलभ अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, राज अग्रवाल, अंकित मोदी, अशोक अग्रवाल, अखिलेश मोदी, आकाश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रामनारायण मोदी, सुनील सोनी, संदीप गुप्ता आदि भी मौजूद थे जिन्होंने मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने में सहयोग किया।

**खास बात**

- सोमवार की रात्रि गौशाला मार्ग में सुरक्षा के लिए बांधे रेडियम बेल्ट

17- APR-Jash-RAGHU--JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/17/2024 8:00 PM Page 1





# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style

# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।



## हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

## टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन




**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।



### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*__मुंबई।__ बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं। सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।



### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



*__देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडिया:__ नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप

### बकरियों में कृत्रिम गर्भाधन से पालकों को मिलेगा लाभ



**बैकुण्ठपुर।** पशुधन विकास विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बकरियों में कृत्रिम गभार्धान का कार्य सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड़ में देसी बकरियों में कृत्रिम गभार्धान का कार्य पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों, निजी कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ताओं, मैत्रियों, पशु सखियों एवं पशुधन मित्रों के द्वारा अक्टूबर 2023 में आरंभ किया गया था। जानकारी के मुताबिक इसका लाभ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब देसी बकरी पालकों को मिलने लगा है। विभाग ने जानकारी दी है कि इस योजना में बकरियों में विभिन्न उन्नत नस्ल की प्रजाति जैसे जमुनापारी, बारबरी, सिरोही, बीटल एवं ब्लैक बेंगाल इत्यादि प्रजाति के बकरों के संरक्षित वीर्य से देसी बकरियों में कृत्रिम गभार्धान किया जाता है, जिससे 150-155 दिनों में एक बकरी से उन्नत नस्ल की 1-2 संततियां प्राप्त हो रही है। उन्नत नस्ल की प्राप्त संततियों के वयस्क होने पर देसी नस्ल की तुलना में गुणवत्तायुक्त अधिक मांस की प्राप्ति होती है, जिसके बिक्री से निश्चित ही देसी बकरियों में कृत्रिम गभार्धान कराने वाले बकरी पालकों को अधिक आय की प्राप्ति होगी, जिससे उनके आर्थिक स्तर में सुधार आएगा।

### विधायक ने ग्रामीणों से रूबरू होकर सुनी समस्याएं




**बतौली/सेदम।** विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सूनी। विधायक रामकुमार टोप्पो बतौली मंडल के ग्राम बेल्कोटा, चिरगा, माजा, लगरू, मुंडापारा नगेसिया पारा में लोगों की समस्याओं को सुनी और समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।

### डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में रामनवमी के अवसर पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



**राजपुर।** मंगलवार को पतरातु स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में नवरात्रि व रामनवमी के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने देवी दुर्गा के नौ अवतारों पर आधारित झांकी व नृत्य से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने बच्चों को नवरात्रि व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हमें अपने अंदर की नकारात्मकताओं को दूर करके सकरात्मकताओं को जगह देने की आवश्यकता है। यह त्यौहार हमें यह सबक देता है कि बुराई चाहे कितनी भी मजबूत और शक्तिशाली क्यों न हो वह हमेशा अच्छाई से हार जाती है।

### समर कैंप में बच्चों को दी जा रही भाषा व गणित की जानकारी



**अम्बिकापुर।** एससीईआरटी रायपुर के दिशा निर्देश एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दीपेश पांडे के मार्गदर्शन में एफएलएन के तहत बच्चों के शैक्षणिक स्तर का सामाजिक अंकेक्षण करने के पश्चात भाषा तथा गणित में पीछे रहे गए बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण पर आधारित छलांग कार्यक्रम के तहत एफएलएन की दक्षता में निपुण करने के उद्देश्य को लेकर समर कैंप का आयोजन किया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए गृह कार्य देते हुए बच्चों को एफएलएन में निपुण करने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन 15 अप्रैल से आगामी पांच दिनों तक आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें संकुल संमन्वक राम जतन यादव, प्राथमिक शाला बालक लटोरी, प्राथमिक शाला कन्या लटोरी, प्राथमिक शाला घूमका पारा, प्राथमिक शाला दादरपारा की शिक्षिकाएं एवं बच्चे भाग ले रहे हैं।

### पोड़ीकला संकुल में शिक्षक व बच्चों को समर कैंप के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**अंबिकापुर।** पोड़ी कला संकुल में शिक्षकों एवं बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक जालंधर कैवर्त, प्रधान पाठक गोपाल सिंह यादव एवं निरंजन विश्वास के उपस्थिति में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप में मास्टर ट्रेनर सुजीत कुमार एवं पोड़ीकला संकुल की मास्टर ट्रेनर वर्षा पटेल द्वारा शिक्षकों एवं बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से सृजनात्मक एवं नेतृत्व क्षमता के विकास तथा गणित एवं भाषा विषय में दक्षता बढ़ाने हेतु क्लास रूम से बाहर अलग-अलग दिन विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से अवगत कराया गया। कैंप में बच्चों को मिट्टी,पत्तों, समाचार पत्र से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां एवं चित्रकारी, पेंटिंग के माध्यम से कार्य करना सिखाया गया।

### जय श्रीराम के नारों के साथ डीजे की धुन पर झूमते रहे सैकड़ों श्रद्धालु

# सर्व हिन्दू समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

चैत्र नवरात्र एवं राम नवमी पर्व को लेकर क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई। नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में मंगलवार को महाअष्टमी के दिन सभी मंदिरों में प्रातः काल से ही पूजा-अर्चना प्रारंभ हुई, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने सुबह से शाम तक पूजा-अर्चना करते नजर आए। महाअष्टमी के अवसर पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा शाम को हेलीपैड ग्राउंड से चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी पर्व को लेकर शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा रेलवे ग्राउंड से विवेकानंद, सुभाषनगर, महाराणा प्रताप, नेपाल गेट, व्हीटीसी कालोनी होते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारों व डीजे की धून पर यात्रा निकाली।

रामनवमी समिति के सदस्यों ने हनुमान मंदिर प्रांगण से ढोल-नगाड़े के साथ श्रीराम ध्वज की स्थापना कर यात्रा को आगे बढ़ाया गया, जो राजीव गांधी चौक होते हुए राम मंदिर पहुंची। राम मंदिर प्रांगण में श्रीराम, माता सीता, भाई लक्ष्मण व हनुमान जी कि पूजा-अर्चना कर वापस हनुमान मंदिर प्रांगण में समापन किया गया।



रामनवमीं पर शिवपुर चरचा क्षेत्र से निकली शोभायात्रा में शामिल हिन्दू समाज के लोग।

समापन के पश्चात भोग भंडारा की व्यवस्था की गई, जहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा प्राप्त कर पुण्य के भागीदार बनें। साल 2016 की घटना को देखते हुए पुलिस प्रशासन जगह-जगह चाक-चौबंद रहे, जहां क्षेत्र के प्रत्येक चौक-चौराहों पर पुलिस मौजूद रही। इस यात्रा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, एसडीओपी श्रीमती कविता ठाकुर, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल किण्डो सहित जिले के पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## ग्रीष्म ऋतु से तैयारी एवं बचाव के लिए निर्देश जारी

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार गृह मंत्रालय, राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी के लिए जिले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ लिंगराज सिदार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**लू के लक्षण-** सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना।

**लू से बचाव के उपाय-** लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की मात्रा कम हो जाने से होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीए, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहने, ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीए, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें, प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले, उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूर सलाह ले।

**लू लगने पर किए जाने वाला प्रारंभिक उपचार-** बुखार पीड़ति व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाए, पीड़ति व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटाए, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ति व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार के लिए ले जाए, मितानिन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट के लिए संपर्क करें।

**क्या न करें-** गर्मी के दौरान बाहर न जाएं, यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान बाहर जाने से बचें, विशेष रूप से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच। नंगे पैर या बिना चेहरे को ढ़के और बिना सिर ढ़के बाहर न जाएं। व्यस्थतम समय दोपहर के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्रों, रसोई घरों में दरवाजे और खिड़कियां खोलकर रखें, जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय, पीने से बचें जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खानें से बचें, बासी खाना न खाएं। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं, घर पर रहे।

**नियोक्ता और श्रमिकों के लिए-** कार्यस्थल पर स्वच्छ और ठंडा पेयजल प्रदान करें। श्रमिकों को सीधे धूप से बचने के लिए सावधानी बरतें। यदि उन्हें खुले में काम करना पड़ता है जैसे कि कृषि मजदूर, मनरेगा मजदूर, आदि तो सुनिश्चित करें कि वे हर समय अपना सिर और चेहरा ढके रहें। दिन के समय निर्धारित समय -सारणी निश्चित करें। खुले में काम करने के लिए विश्राम गृह की अवधि और सीमा बढ़ाएं। गर्भवती महिलाओं या कामगारों की चिकित्सकीय स्थिति पर विशेष ध्यान दें। यदि कोई बीमार है तो उसे उयूटी पर्यवेक्षक को सूचित करें।

**क्या न करें-** कार्यस्थल पर धूम्रपान या तंबाकू न ही थूके और न ही चबाएं, जो लोग बीमार हैं।

## चैत्र रामनवमीं में कोड़यागढ़ पहाड़ पहुंचे सर्व आदिवासी समाज के लोग



**बैकुण्ठपुर।** महाअष्टमी,नवमीं के अवसर सर्व आदिवासी समाज के लोग कोड़यागढ़ पहाड़ गए। जहां कोरिया जिले का इतिहास वहां के स्थानीय समाज के पंड़ा भूमकाओं के द्वारा बताया गया कि जो कोड़यागढ़ पहाड़ है, जो आज से लगभग एक हजार वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज राजा बालम शाह पावले के शासन काल में इस पहाड़ को कोड़-कोड़ कर बनाया गया था, जिसका प्रमाण आज भी वहां मौजूद हैं, जिसे बाद में अंग्रेजों के द्वारा कोड़या को कोरिया में बदल दिया। उन्होंने ऐसा इसलिए किया,क्योंकि उनके शब्दावली में (ड़) शब्द का कोई महत्व नहीं है, जो कोड़यागढ़ प्राचीन नाम है, वह आज वर्तमान में कोरिया के नाम से जाना जाता है, जहां लगभग 27 वर्षो से निरंतर 9 अलग-अलग जगहों पर यहां के अध्यक्ष मेवालाल नेटी के अध्यक्षता में चैत्र नवमीं में ज्वारा बोया जाता है। यहां पर मुख्यरूप से बूढ़ीमाई शक्ति, राजा हिंगोल देवता का नौ दिनों तक जागरण समारोह होता है। इस वर्ष चैत्र नवमीं के अष्टमी को सर्वआदिवासी समाज बैकुंठपुर से आदिवासी नीरा सिंह कुसरो, गीता खलखो, जयलाल, जोधन सिंह, मनीषा, पूजा सहित अन्य लोगों के द्वारा भ्रमण किया गया।

## सिरौली मंदिर में होगा हनुमान जन्मोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी 23 अप्रैल को तुलसी मानस प्रतिष्ठान मनेन्द्रगढ़ एवं ग्राम पंचायत सिरौली के संयुक्त तत्वावधान में श्री-श्री 1008 श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन अंचल के सुप्रशिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल हनुमत सिद्ध पीठ सिरौली में किया जा रहा है। 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पूजा पाठ एवं सुदरकांड प्रातः 9 बजे से होगा, इसके उपरांत दोपहर 12 से भजन प्रस्तुतियां एवं व्याख्यान होगा, इसके बाद 3 बजे से भंडारा प्रसाद वितरण व आभार प्रदर्शन सायं 4 बजे से होगा। भजन प्रस्तुति के लिए सभी माताएं-बहनें, बालक-बालिकाएं एवं गायक कलाकार बंधु अपनी प्रविष्ठि, संस्था, सदस्यों एवं पदाधिकारियों के पास दर्ज करा सकते हैं, इसके लिए सरपंच सिरौली अमोल सिंह, सुंदरराम कैवर्त सिरौली, भूपेन्द्र सिंह चिरईपानी, मेवालाल बंजी से संपर्क किया जा सकता है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह ने समस्त जनों से इस अवसर पर सपरिवार धार्मिक आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## मायुमं ने बांधे मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

मारवाड़ी युवा मंच की स्थानीय शाखा द्वारा सड़क पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की सुरक्षा के लिए सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 10 से 11 बजे तक गौशाला मार्ग में करीब तीन दर्जन मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गये। यह कार्य मवेशियों के साथ - साथ राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी किया गया। इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच की चांपा शाखा के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल ने बताया कि समय - समय पर मंच द्वारा समाज सेवा के लिए इस तरह के कार्य किये जाते है। सड़क पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों सहित मार्ग से गुजरने वाले लोगो की सुरक्षा के लिए मंच द्वारा सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 10 से 11 बजे तक नगर के गौशाला मार्ग में करीब तीन दर्जन मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गये। इस दौरान शलभ अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, राज अग्रवाल, अंकित मोदी, अशोक अग्रवाल, अखिलेश मोदी, आकाश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रामनारायण मोदी, सुनील सोनी, संदीप गुप्ता आदि भी मौजूद थे जिन्होंने मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने में सहयोग किया।

**खास बात**

- सोमवार की रात्रि गौशाला मार्ग में सुरक्षा के लिए बांधे रेडियम बेल्ट



### देवांगन कल्याण समाज युवा प्रकोष्ठ ने किया समिति का विस्तार

**सक्ती।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर देवांगन ने अपनी समिति का विस्तार करते हुए रोशन देवांगन को संरक्षक एवं राकेश देवांगन को सलाहकार नियुक्त किया है। इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किरण देवांगन के द्वारा समिति का विस्तार करते हुए तीन सदस्यों को नवीन जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें रेखा देवांगन को उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजनी देवांगन को कार्यकारिणी सदस्य एवं कलश देवांगन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही चर्चा किया गया कि जिला देवांगन कल्याण समाज सक्ती के गठन से समाज को एक नई दिशा मिलेगी एवं समाज के कल्याण के अनेकों कार्य हो सकेगा। समाज कल्याण एवं सेवा के लिए देवांगन विकास सेवा समिति हमेशा तत्पर रहेगा।

## 119 उपार्जन केन्द्रों में अभी भी खुले आसमान के नीचे 5 लाख 75 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी बंद हुए ढाई महीने गुजर गए हैं लेकिन अभी तक विपणन संघ समितियों में खुल असामान के नीचे पड़े संपूर्ण धार का उठाव नहीं कर सका है। अभी भी एकीकृत सरगुजा के विभिन्न जिलों में 5 लाख 75 हजार 197 क्विंटल से अधिक धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। विलम्ब से धान का उठाव करने से अब हर बोरे के वजन में कमी आ रही है जिसके कारण विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

शासन के निर्देश पर इस बार सहकारी समितियों द्वारा बम्पर धान की खरीदी की गई है लेकिन समय पर उठाव नहीं होने के कारण समिति प्रबंधकों को अब धान की मात्रा में कमी आने का भय सता रहा है। प्रारम्भ में विपणन संघ द्वारा स्थानीय मिलरों से धान का उठाव कराया गया। धान खरीदी बंद होने के 2 महीने बाद तक मिलर धान का उठाव करते रहे। अब धान के स्थानीय गोदाम फुल होने कके बाद दूसरे जिलों के मिलरों से शेष धान का उठाव कराया जा रहा है। अधिकारी मिलरों को डिलीवरी आर्डर जारी कर देने का दावा कर रहे हैं लेकिन अभी भी उठाव में तेजी नहीं आई है। हालत यह है कि सरगुजा की 54 में से 52 उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 44 हजार 185 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। बलरामपुर-रामानुजगंज में 49 उपार्जन केन्द्रों में से 48 केन्द्रों में 3 लाख 9 हजार 717 क्विंटल धान, कोरिया के 54 में से 50 केन्द्रों में 2 लाख 21 हजार 274 क्विंटल धान शेष बचा है। सूरजपुर की एक समिति में मात्र 18.80 क्विंटल धान बचा है जबकि मनेन्द्रगढ़ की समितियों से संपूर्ण धान का उठाव कर लिया गया है। पिछले एक पखवाड़े से सरगुजा के उपार्जन केन्द्रों का धान जांजगीर एवं सरगुजा तथा बलरामपुर का धान रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं बलरामपुर के मिलरों से उठाव कराने डीओ जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि मिलरों द्वारा जमा किए गए चावल की आपूर्ति राशन दुकानों में की जाती है। अन्य राज्यों की राशन दुकानों की जरूरतें पूरी करने मिलर एफसीआई को चावल की आपूर्ति करते हैं। आवश्यकता के अनुरूप पूर्व में दोनों संस्थानों के गोदाम फुल होने के कारण चावल जमा करने में मिलरों को परेशानी हो रही थी। शासन द्वारा अन्य जिलों के मिलरों द्वारा धान का उठाव करने संबंधी विलम्ब से होने के कारण उठाव में देर हुई है। अब एफसीआई द्वारा रेक के माध्यम से जमा चावल को दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। दूसरे जिलों के मिलर डीओ के अनुसार धान का उठाव कर रहे हैं लेकिन किस गति से धान का उठाव किया जा रहा है अभी भी संपूर्ण धान के उठाव में लम्बा समय लगने की संभावना है। इधर आए दिन बूंदाबादी एवं बेमौसम वर्षा होने के कारण धान के खराब होने का भी भय समिति प्रबंधकों को सता रहा है।



समिति पेटला में तहसीलदार साहब द्वारा धान खरीदी का निरीक्षण करते हुए।

**चल रहा उठाव**

रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं बलरामपुर के मिलरों द्वारा शेष बचे धान का उठाव किया जा रहा है। एक सप्ताह में 1.5 लाख क्विंटल धान का उठाव करा लिया जाएगा। संपूर्ण धान के शीघ्र उठाव का प्रयास चल रहा है।

-सतीश नामवारे
डीएमओ, बलरामपुर

**किया जाएगा सत्यापन**

धान में शर्टेज आने की स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया गया है। प्रशासन द्वारा गठित टीम के समक्ष समितियों में पड़े ऊपर, मध्य एवं नीचे के स्टेक के धान के वजन का सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। वजन में कमी आने की समस्या का निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

-सुनील वर्मा
सीईओ, जिला सहकारी बैंक

## पेज 1 का शेष

### चैत्र नवमीं पर निकली...

इस अवसर पर कई प्रमुख देवी मंदिरों में दोपहर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के लिए जुटी रही। देवी का दरबार हवन-पूजन के सुगंध से सुगंधित होता रहा। साथ ही मंदिर परिसर में जसगीत, भजन-कीर्तन भी चलता रहा और श्रद्धालुओं के द्वारा माता के जयकारे लगाते हुए दर्शन कर पूजा-अर्चना किए। नवमीं तिथि के दिन जिले के देवी मंदिरों के अलावा गांव-गांव में स्थित देवल्ला स्थल में ग्रामीण भक्तजन काफी संख्या में जुटकर विधि -विधान के साथ नवमीं की पूजा की। इस अवसर पर गांव के लोग उत्साह के साथ काफी संख्या में शामिल रहे।

### जवारा विसर्जन में ...

आदर्श चौक के दुर्गा पूजा पंड़ाल, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर सहित क्षेत्र के प्रत्येक गांव में स्थित देवालयों में अपने-अपने गांव के सुख-समृद्धि की कामना को लेकर सार्वजनिक रूप से ज्वारा बोकर सुबह-शाम पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन किया गया, सप्तमी एवं अष्ठमी की शाम को देवी मंदिरों का पट खोला गया , उसके बाद श्रद्धालु देवी दर्शन एवं माता दुर्गा के स्वरूप बोए गए ज्वारा का दर्शन करने के साथ-साथ पूजा-अर्चना करने मंदिरों एवं देवालयों में पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद बुधवार नवमीं के दिन बोए गए ज्वारा का विसर्जन गाजे -बाजे के साथ किया गया। ज्वारे के साथ-साथ देवी,देवता सवार महिला-पुरूष झूपते, नाचते गाते हुए शामिल रहे, इनके पैरों को छूकर एवं खप्पर में हवन कर श्रद्धालु अपने अपने घरों के सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।

### निकली विर्सजन ...

दिनों तक भंडारा व अंतिम दिन कन्या भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान ग्राम के बैगा पुजारी, हनुमान सेवा समिति, संकट मोचन समिति सहित नगर एवं उमझर के भक्तों का विशेष योगदान रहा।

### पूजा-अर्चना कर...

चरचा कॉलरी में यूपी, बिहार, झारखंड़ के अलावा अन्य राज्यों के श्रद्धालु निवासरत है। इसे लेकर और भी धूम धाम से राम नवमीं पर्व मनाया जाता है। कई वर्षों से गिरिडीह समाज के श्रद्धालु जबसे चरचा कॉलरी में प्रवेश किए हैं, तभी से हनुमान मंदिर की स्थापना के पश्चात हनुमान मंदिर में रविवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना को कामय रखा है। प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी नवमीं के पश्चात भगवान श्रीराम एवं भक्त शिरोमणि हनुमान जी की प्रतिमा को विधि-विधान से पूजन कर नवमीं पर्व को मनाया गया। वहीं श्रद्धालु अपने घरों में मां भगवती के नाम से ज्वारा बोए थे, जिसे चरचा केमुख्य मार्ग से होते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां से वापस छठ घाट में समापन किया गया। दिनभर पूजा पाठ के बाद संध्या के समय बजरंगबली के आरती के पश्चात गिरिडीह समाज द्वारा पारंपरिक तरीकों से अखाड़ा लगाकर खेलकूद किया गया, साथ ही मंदिर परिसर में आए हुए सभी अतिथियों का भगवा वस्त्र गमछा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### सोनहत में निकली ...

श्रमिकों व दिव्यांग मतदाताओं ने काफी संख्या में मतदान करने के संदेश दिए और 16 अप्रैल को ग्रामीणों ने रात में मशाल रैली निकाल कर मतदान करबो-कराबो का भी शपथ लिया और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी किया।

### एसपी ने अकलासरई...

निर्देशित किया गया है। औचक निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट में तैनात सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, आरक्षक मनीष पैकरा एवं कोटवार सुनील मौजूद रहे।

### सेक्टर अधिकारी मतदान ...

करेंगे और वहां सुविधाओं का जायजा भी लेंगे। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और उच्च न्यायालय बिलासपुर से संबंधित लंबित प्रकरणों पर शीघ्र जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभिन्न विभागीय लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम सहित नोडल व जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

